# विद्यादीप फाउंडेशन का तीन दिवसीय जमशेदपुर लिटरेचर फेस्टिवल 19 दिसंबर को होगा शुरू

लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर

- कृष्ण बलदेव वैद्य लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के तहत पांच लाख सम्मान राशि मिलेगी
- 15 साहित्यकारों को शब्द शिल्पी सम्मान 1-1 लाख की पुरस्कार राशि के साथ दिया जायेगा

विद्यादीप फाउंडेशन द्वारा जमशेदपुर लिटरेचर फेस्टिवल 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा. यह उत्सव रिवाह रिसोर्ट, डिमना चौक मानगो में होगा. यह केवल एक महोत्सव नहीं, बल्कि साहित्य, कला, पत्रकारिता, फिल्म, कार्टून और समाज के बीच सेतु बनाने का संकल्प है. पुस्तक सम्मान समारोह आयोजन के पहले दिन संपन्न होगा. हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलमकार को पांच लाख की पुरस्कार राशि के साथ "कृष्ण बलदेव वैद्य लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड" प्रदान किया जाएगा. यह अवॉर्ड न केवल एक साहित्यकार के समर्पण, साधना और रचनात्मक योगदान को सम्मानित करेगा, बल्कि भारत की साहित्यिक विरासत को एक नयी ऊंचाई भी देगा. इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यादीप फाउंडेशन के निदेशक माधव खंडेलवाल ने कहा कि कृष्ण बलदेव वैद्य उन रचनाकारों में हैं, जिन्होंने भाषा, समाज और यथार्थ को अपने लेखन में अद्भुत ढंग से पिरोया. इस पुरस्कार के माध्यम से हम उस परंपरा को प्रणाम कर रहे हैं, जो साहित्य को केवल लेखन नहीं, बल्कि समाज से संवाद का सशक्त माध्यम मानती है. साथ ही विभिन्न विधाओं में 15 साहित्यकारों को शब्द शिल्पी सम्मान प्रदान किया जायेगा. विद्यादीप फाउंडेशन द्वारा घोषित श्रेणियों में से हिंदी में आध्यात्म, संत, सनातन और धर्म, उपन्यास, कविता, क्षेत्रीय भाषाओं से हिंदी में अनुवाद और जनजातीय विषयों पर आदिवासी एवं गैर-आदिवासी लेखकों की रचना, अंग्रेजी में स्पिरिचुअलिटी एवं रिलीजन, फिक्शन, नॉन-फिक्शन, नॉर्थईस्ट इकोज (पूर्वोत्तर के लेखकों के लिए विशिष्ट श्रेणी), एवं विदेशी भाषा से अंग्रेजी में अनुवाद शामिल हैं.

**झारखंड पर विशेष श्रेणियां होंगी :** झारखंड आंदोलन, इतिहास और ग्रहों पर्यटन संभावनाएं, साथ ही इलेक्ट्रॉनिक साहित्य में डिजिटल मंचों के माध्यम से हिंदी साहित्य को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी पुरस्कृत किया जायेगा. प्रत्येक श्रेणी में विजेता को स्मृति चिह्न एवं एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी. नामांकन लेखक, प्रकाशक या पाठक कोई भी व्यक्ति कर सकते हैं. नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है. ऑनलाइन आवेदन: www.jamshedpurlitfest.com वेबसाइट पर किया जा सकता है.

**भेजनी होंगी दो पुस्तकें :** फेस्टिवल में भाग लेने के लिए साहित्यकारों को डाक के माध्यम से अपनी दो पुस्तकें भेजनी होंगी. पता है : संदीप मुरारका, संयोजक, नया बाजार, हाट बाजार, पोस्ट- जुगसलाई, जमशेदपुर-831006, झारखंड.

प्रभात खबर

रविवार, 8.06.2025

# साहित्यकारों को मिलेगा 'कृष्ण बलदेव वैद्य लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड'

## जमशेदपुर लिटरेचर फेस्ट का आयोजन 19 से 21 दिसंबर तक

**जमशेदपुर** | विद्यादीप फाउंडेशन द्वारा 'जमशेदपुर लिटरेचर फेस्टिवल' का आयोजन 19 से 21 दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलमकार को 5 लाख रुपए की पुरस्कार राशि के साथ 'कृष्ण बलदेव वैद्य लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार साहित्यकारों के समर्पण, साधना और रचनात्मक योगदान को सम्मानित करेगा। विद्यादीप फाउंडेशन के निदेशक माधव खंडेलवाल ने कहा कि कृष्ण बलदेव वैद्य उन रचनाकारों में हैं, जिन्होंने भाषा, समाज और यथार्थ को अपने लेखन में अद्भुत ढंग से पिरोया। उन्होंने बताया कि विभिन्न विधाओं में पंद्रह साहित्यकारों को शब्द शिल्पी सम्मान प्रदान किया जाएगा। फाउंडेशन द्वारा घोषित अन्य 15 श्रेणियों में से हिंदी में आध्यात्म, संत, सनातन और धर्म, उपन्यास, कविता, क्षेत्रीय भाषाओं से हिंदी में अनुवाद और जनजातीय विषयों पर (आदिवासी एवं गैर-आदिवासी लेखकों द्वारा) श्रेणियां हैं। अंग्रेजी में स्पिरिचुअलिटी एवं रिलीजन, फिक्शन, नॉन-फिक्शन, नॉर्थईस्ट इकोज (पूर्वोत्तर के लेखकों के लिए विशिष्ट श्रेणी), एवं विदेशी भाषा से अंग्रेजी में अनुवाद श्रेणियां होंगी। पुस्तक सम्मान समारोह आयोजन के पहले दिन संपन्न होगा। कार्यक्रम रिवाह रिसोर्ट डिमना चौक, में आयोजित किया जाएगा। फेस्ट में कला साहित्य, कला, पत्रकारिता, फिल्म, कार्टून और समाज के बीच सेतु बनाया जाएगा।

दैनिक भास्कर, जमशेदपुर, रविवार, 8 जून, 2025

# लिटरेचर फेस्टिवल 19 दिसंबर को

## साहित्यकारों को किया जाएगा सम्मानित

- **कृष्ण बलदेव वैद्य लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड की घोषणा, मिलेगा 5 लाख का पुरस्कार**

जमशेदपुरः विद्यादीप फाउंडेशन द्वारा आयोजित होने वाले 'जमशेदपुर लिटरेचर फेस्टिवल' में हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलमकार को 5 लाख रुपए की पुरस्कार राशि के साथ 'कृष्ण बलदेव वैद्य लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया जाएगा. यह अवॉर्ड न केवल एक साहित्यकार के समर्पण, साधना और रचनात्मक योगदान को सम्मानित करेगा, बल्कि भारत की साहित्यिक विरासत को एक नई ऊंचाई देगा और साहित्यिक फलक पर जमशेदपुर का मान भी बढ़ाएगा. विद्यादीप फाउंडेशन के निदेशक माधव खंडेलवाल ने कहा कि कृष्ण बलदेव वैद्य उन रचनाकारों में हैं, जिन्होंने भाषा, समाज और यथार्थ को अपने लेखन में अद्भुत ढंग से पिरोया. साथ ही विभिन्न विधाओं में पंद्रह साहित्यकारों को शब्द शिल्पी सम्मान प्रदान किया जाएगा.

### 15 श्रेणियों में

विद्यादीप फाउंडेशन द्वारा घोषित अन्य 15 श्रेणियों में से हिंदी में आध्यात्म, संत, सनातन और धर्म, उपन्यास, कविता, क्षेत्रीय भाषाओं से हिंदी में अनुवाद और जनजातीय विषयों पर (आदिवासी एवं गैर-आदिवासी लेखकों द्वारा) श्रेणियां हैं. अंग्रेजी में स्पिरिचुअलिटी एवं रिलीजन, फिक्शन, नॉन-फिक्शन, नॉर्थईस्ट इकोज़ (पूर्वोत्तर के लेखकों के लिए विशिष्ट श्रेणी), एवं विदेशी भाषा से अंग्रेजी में अनुवाद श्रेणियां होंगी. झारखंड पर विशेष श्रेणियां होंगी जिसमें झारखंड आंदोलन, इतिहास और यहां पर्यटन संभावना के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक साहित्य में डिजिटल मंचों के माध्यम से हिंदी साहित्य को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु भी पुरस्कृत किया जाएगा. प्रत्येक श्रेणी में विजेता को स्मृति चिन्ह एवं 1,00,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी. नामांकन लेखक, प्रकाशक या पाठक कोई भी व्यक्ति कर सकते हैं. नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है.

### 19 से 21 दिसंबर तक, तीन दिवसीय आयोजन

जमशेदपुर लिटरेचर फेस्टिवल दिसंबर माह में 19 से 21 तारीख तक आयोजित किया जाएगा. पुस्तक सम्मान समारोह आयोजन के पहले दिन होगा. यह उत्सव मानगो के डिमना चौक स्थित रिवाह रिसॉर्ट में आयोजित किया जाएगा.

ऑनलाइन आवेदन www.jamshedpurlitfest.com पर किया जा सकता है. डाक द्वारा दो पुस्तकें भेजने हैं, जिसका पता है संदीप मुरारका, संयोजक, नया बाजार, हाट बाजार, पोस्ट - जुगसलाई, जमशेदपुर - 831006, झारखंड.

उदित वाणी
जमशेदपुर, रविवार, 08 जून 2025